राष्ट्रीय सेवा योजना
कार्यालय, जिला संगठक, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)
☏ दूरभाषनं. 07781–252755,मो.नं. 9893634512 Email Add – chandakbhagwan1@gmail.com

नारायणपुर, दिनांक 03.12.2024

# //महत्वपूर्ण सूचना//
# विज्ञान मेला (SCIENCE MELA)

कार्यालय खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग नारायणपुर के पत्र क्रमांक 559/खे.यु.क./युवा उत्सव/ 2024-25 नारायणपुर, दिनांक 02 दिसंबर 2024 के द्वारा राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के साथ-साथ इनोवेशन प्रोजेक्ट का प्रदर्शन हेतु छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद अटल टिकरिंग लैब एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन नारायणपुर के संयुक्त तत्वाधान पर जिला स्तरीय महाविद्यालयीन **युवा विज्ञान मेला का आयोजन दिनांक 07 दिसंबर 2024, दिन शनिवार, समय प्रातः 11:00 बजे, स्थान: सभाकक्ष, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर** में किया जाएगा। जिसका विषय "विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार" विज्ञान मेला कार्यक्रम में व्यक्तिगत और समूह दोनों श्रेणियां में आयोजित किया गया है। महाविद्यालयीन स्तर पर प्राविण्य अनुसार दो प्रतिभागियों को चिन्हित कर विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव दिनांक 09 दिसंबर, जिला स्तरीय युवा उत्सव दिनांक 10 दिसंबर के लिए भागीदारी देंगे। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को दिनांक 12-14 जनवरी 2025 को राज्य स्तर के 28 वाँ राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने की पात्रता होगी।

अतः इच्छुक विद्यार्थी प्रतिभागी दिनांक 06 दिसंबर, 2024 तक अपना पंजीयन भौतिक विभाग, कक्ष क्रमांक 23 में निर्धारित प्रपत्र में पंजीयन फार्म जमा कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

**टीप:-**

1. प्रतिभागियों द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को प्रतिबिंबित करने वाली प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेंगे।
2. प्रोजेक्ट व्यावहारिक अनुप्रयोग, मितव्ययी नवाचार, प्रस्तुति और प्रभाव पर आधारित होगा।
3. विजेता प्रतिभागियों का चयन होने पर प्रोजेक्ट से संबंधित संक्षिप्त विवरण तीन प्रति में जमा करना है।
4. चयन हेतु मापदंड इनोवेशन इन एप्रोच 50 मार्क्स, क्वालिटी आफ प्रेजेंटेशन 20 मार्क्स, इंपैक्ट 30 मार्क्स कुल मार्क्स 100 ।
5. समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र सह पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

अन्य जानकारी के लिए महाविद्यालय नोडल अधिकारी श्री भगवान दास चांडक मोबाईल नंबर 9893634512 पर संपर्क कर सकते हैं।

**प्रतिलिपि:-**

1. महानिदेशक, छत्तीसगढ़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद विज्ञान भवन, रायपुर की ओर विज्ञान मेला के आयोजन हेतु सूचनार्थ।
2. खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, जिला नारायणपुर की ओर सूचनार्थ।
3. जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र कांकेर/नारायणपुर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
4. सर्व प्राचार्य उच्च शैक्षणिक संस्थान ........................................ जिला नारायणपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
5. वेबसाइट प्रभारी शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
6. सूचना पटल में प्रदर्शित करे।

03/12/2024

श्री भगवान दास चांडक,
जिला संगठक
राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नारायणपुर ( छ.ग.)
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय

डॉ.एस.आर.कुंजाम
प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नारायणपुर जिला नारायणपुर छत्तीसगढ़

PRINCIPAL
Swami Atmanand Post Graduate College
Narayanpur Dist. Narayanpur
Chhattisgarh